# परियोजना प्रबन्धन इकाई
## स्वजल परियोजना

उत्तराखण्ड ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता परियोजना
(पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, उत्तराखण्ड)
प्रथम तल, दि इंस्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स (इंडिया) बिल्डिंग,
अपोजिट आई.एस.बी.टी., देहरादून–248002

**फोन :** 0135-2643455, 2643380
**फैक्स :** 0135-2643381
**वैब साईट:** http://swajal.uk.gov.in
**ई मेल :** pmu_uttaranchal@rediffmail.com


**विज्ञप्ति संख्या–1686 / 2019**

## प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति

''उत्तराखण्ड ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता परियोजना'' (स्वजल) उत्तराखण्ड राज्य के पेयजल विभाग के अधीन एक पंजीकृत संस्था है, जो कि सामुदायिक सहभागिता के आधार पर राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल योजनाओं के नियोजन, क्रियान्वयन व रख–रखाव तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत खुले में शौंच से मुक्त (ओ0डी0एफ0) के स्थायित्व एवं ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबन्धन का कार्य कर रही है। परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल (पी0एम0यू0) के लिये वर्तमान में रिक्त तथा भविष्य में रिक्त होने वाले प्रबन्धक (लेखा) के पद को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरे जाने हेतु एक सूची (Empanelment) तैयार करने एवं तदनुसार योजित किये जाने हेतु परियोजना में कार्य करने के इच्छुक राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार / विभिन्न विभागों के उपक्रम / संस्थानों में कार्यरत सहायक लेखाकारों / लेखाकारों के आवेदन पत्र उनके विभागाध्यक्ष द्वारा प्रति–हस्ताक्षरित एवं प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित दिनांक 14 फरवरी, 2019 तक स्वयं अथवा डाक द्वारा उपरोक्त पते पर आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्रम सं0 | पदनाम | वेतनमान (रूपये) | पात्रता |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रबन्धक (लेखा) | 7450–15200 (अपुनरीक्षित) | 1. स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के उपयुक्त वाणिज्य स्नातक अनुभवी लेखाकार अथवा वाणिज्य स्नातक के साथ कम से कम 07 वर्ष सहायक लेखाकर के पद के अनुभवी कर्मचारी।<br>2. इससे उच्च वेतनमान पा रहें वाणिज्य स्नातक अनुभवी लेखाकारों को उनके मूल विभाग में देय वेतन को संरक्षित किया जायेगा। |
| 2. | कैशियर / लेखाकार | 5500–9000 (अपुनरीक्षित) | 1. स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के पर्याप्त अनुभवी कार्मिक।<br>2. इससे उच्च वेतनमान पा रहें वाणिज्य स्नातक अनुभवी लेखाकारों को उनके मूल विभाग में देय वेतन को संरक्षित किया जायेगा। |
| 3. | लेखाकार | 5500–9000 (अपुनरीक्षित) | 1. कम्प्यूटर का ज्ञान वांछनीय।<br>2. स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के पर्याप्त अनुभवी कार्मिक।<br>3. इससे उच्च वेतनमान पा रहें वाणिज्य स्नातक अनुभवी लेखाकारों को उनके मूल विभाग में देय वेतन को संरक्षित किया जायेगा। |

यदि किसी अभ्यर्थी को इस कार्यालय द्वारा प्रतिनियुक्ति पर लिये जाने सम्बन्धी पत्र निर्गत करने के उपरान्त एक माह की अवधि तक उनके विभागाध्यक्ष द्वारा उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया जाता है, तो उनका अभ्यर्थन स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

प्रतिनियुक्ति पर लिये जाने के उपरान्त अनुमन्य वेतन, पेंशन अंशदान, ग्रेच्युटी, एल0टी0सी0, चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति, परियोजना भत्ता, मकान किराया भत्ता एवं मोबाईल फोन बिल हेतु निर्धारित सीमा तक व्यय की प्रतिपूर्ति परियोजना द्वारा की जायेगी। सभी पदों हेतु स्वीकृत वेतनमान की सीमा तक पैतृक विभाग में प्राप्त वेतनमान से एक उच्च श्रेणी वेतनमान ही देय होगा। अनापत्ति प्रमाण पत्र ले कर ही आवेदन पत्र प्रस्तुत करना वांछनीय है।

**आवेदन पत्र निम्न प्रारूप में (ए–4 पेपर पर टंकित कर) प्रेषित किया जायेगा–**

(1.) आवेदित पद का नाम, (2) अभ्यर्थी का नाम, (3) जन्म तिथि, (4) शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव, (5) पैतृक विभाग का नाम एवं पत्राचार हेतु पता, (6) कार्यालय का नाम एवं पत्राचार हेतु पता जहां वर्तमान में कार्यरत हैं, (7) वर्तमान में धारित पद का नाम, (8) वर्तमान वेतनमान एवं उसमें नियुक्ति की तिथि, (9) फोन, फैक्स नम्बर (कार्यालय एवं स्वयं), (10) ई–मेल का पता, उक्त प्रारूप स्वजल परियोजना की बेबसाईट **http://swajal.uk.gov.in** पर भी उपलब्ध है।)

उपरोक्त आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी के पांच वर्षों की चरित्र प्रविष्टियों की प्रमाणित प्रतियां भी भेजी जानी आवश्यक है, साथ ही यह भी प्रमाण पत्र संलग्न कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा कि कार्यमुक्त अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कोई अनुशासनिक एवं विभागीय जांच लम्बित नहीं है और ना ही पूर्व में उन्हें कभी दण्डित किया गया है, ऐसे सभी अभ्यर्थी जिनकी पात्रता उनके सम्मुख पदनाम के अनुसार संतोषजनक पायी जायेगी, उन्ही अभ्यर्थियों के अभ्यर्थन पर विचार किया जायेगा।

उक्त विज्ञापन स्वजल परियोजना की बेबसाईट **http://swajal.uk.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**निदेशक, स्वजल**

# आवेदन पत्र का प्रारूप

पासपोर्ट साईज
फोटो स्वप्रमाणित

1. आवेदित पद का नाम :

2. अभ्यर्थी का नाम। :

3. जन्म तिथि। :

4. शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव। :

5. पैतृक विभाग का नाम एवं पत्राचार हेतु पता। :

6. कार्यालय का नाम एवं पत्राचार हेतु पता जहां वर्तमान में कार्यरत हैं। :

7. वर्तमान में धारित पद का नाम। :

8. वर्तमान वेतनमान एवं उसमें नियुक्ति की तिथि। :

9. फोन, फैक्स नम्बर (कार्यालय एवं स्वयं)। :

10. ई–मेल का पता। :

11. सलंग्नकों की संख्या। :

:

हस्ताक्षर

नाम.............................................

पदनाम .....................................

# परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल

(पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, उत्तराखण्ड), प्रथम तल, दि इंस्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स (इंडिया) बिल्डिंग, अपोजिट आई.एस.बी.टी., देहरादून–248002 फोन : 0135-2643455, 2643380 फैक्स : 0135-2643381

वैब साईट: http://swajal.uk.gov.in ई मेल : pmu_uttaranchal@rediffmail.com


विज्ञप्ति संख्या–1886/2019

## प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति

''उत्तराखण्ड ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता परियोजना'' (स्वजल) उत्तराखण्ड राज्य के पेयजल विभाग के अधीन एक पंजीकृत संस्था है, जो कि सामुदायिक सहभागिता के आधार पर राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल योजनाओं के नियोजन, कियान्वयन व रख–रखाव तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत खुले में शौंच से मुक्त (ओ0डी0एफ0) के स्थायित्व एवं ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबन्धन का कार्य कर रही है। परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल (पी0एम0यू0) के लिये वर्तमान में रिक्त तथा भविष्य में रिक्त होने वाले प्रबन्धक (लेखा), कैशियर/लेखाकार एवं लेखाकार के पदों को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरे जाने हेतु एक सूची (Empanelment) तैयार करने एवं तदनुसार योजित किये जाने हेतु परियोजना में कार्य करने के इच्छुक राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार/विभिन्न विभागों के उपकम/संस्थानों में कार्यरत सहायक लेखाकारों/लेखाकारों के आवेदन पत्र उनके विभागाध्यक्ष द्वारा प्रति–हस्ताक्षरित एवं प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित दिनांक 14 फरवरी, 2019 तक स्वयं अथवा डाक द्वारा उपरोक्त पते पर आमंत्रित किये जाते हैं।

| कम सं0 | पदनाम | वेतनमान (रूपये) | पात्रता |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रबन्धक (लेखा) | 7450–15200 (अपुनरीक्षित) | 1. स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के उपयुक्त वाणिज्य स्नातक अनुभवी लेखाकार अथवा वाणिज्य स्नातक के साथ कम से कम 07 वर्ष सहायक लेखाकर के पद के अनुभवी कर्मचारी।<br>2. इससे उच्च वेतनमान पा रहें वाणिज्य स्नातक अनुभवी लेखाकारों को उनके मूल विभाग में देय वेतन को संरक्षित किया जायेगा। |
| 2. | कैशियर/ लेखाकार | 5500–9000 (अपुनरीक्षित) | 1. स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के पर्याप्त अनुभवी कार्मिक।<br>2. इससे उच्च वेतनमान पा रहें वाणिज्य स्नातक अनुभवी लेखाकारों को उनके मूल विभाग में देय वेतन को संरक्षित किया जायेगा। |
| 3. | लेखाकार | 5500–9000 (अपुनरीक्षित) | 1. कम्प्यूटर का ज्ञान वांछनीय।<br>2. स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के पर्याप्त अनुभवी कार्मिक।<br>3. इससे उच्च वेतनमान पा रहें वाणिज्य स्नातक अनुभवी लेखाकारों को उनके मूल विभाग में देय वेतन को संरक्षित किया जायेगा। |

**आवेदन पत्र का प्रारूप एंव अन्य शर्ते स्वजल परियोजना की उपरोक्त वेबसाईट http://swajal.uk.gov.in पर देखी जा सकती है।**

निदेशक, स्वजल